B.A. T. Y. (CBCS Pattern) Semester-V

# BA25B-3 - Hindi Literature

P. Pages : 3 GUG/S/25/13020

Time : Three Hours * 1 9 0 2 * Max. Marks : 80

---

सुचनाएँ :- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य है।

**1.** निम्नलिखित दीर्घोत्तरी प्रश्नों में से **किसी एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए। **20**

अ) "निराला के काव्य लेखन के भाव पक्ष का "कल्पना एवं भावुकता" के आधार पर स्पष्ट कीजिए

**अथवा**

आ) पंत जी के काव्य की विशेषताएं सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

**2.** निम्नलिखित अवतरणों में से **किसी एक** समूह के सभी अवतरणों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए। **20**

**समूह – 'क'**

1) वह सरला उस गिरि को कहती थी बादल घर
इस तरह मेरे चितेरे हृदय की
बाह्य प्रकृति बनी चमत्कृत चित्र थी;
सरल शैशव की सुखद सुधि-सी वही
बालिका मेरी मनोरम मित्र थी!

2) "धिक् जीवन को जो पाता ही आया विरोध,
धिक् साधन जिसके लिए सदा ही किया शोध
जानकी! हाय उद्धार प्रिया का हो न सका,
वह एक और मन रहा राम का जो न थका,
जो नहीं जानता दैन्य, नहीं जानता विनय,
कर गया भेद वह मायावरण प्राप्त कर जय,
बुद्धि के दुर्ग पहुँचा विद्युत-गति हतचेतन
राम में जगी स्मृति हुए सजग पा भाव प्रसन्न।

3) जो घनीभूत पीड़ा थी
मस्तक में स्मृति-सी छाई
दुर्दिन में आँसू बनकर
वह आज बरसने आई।
झंझा झकोर गर्जन था
बिजली सी थी नीरद माला,

पाकर इस शून्य हृदय को
सबने आ डेरा डाला।

4) असंख्य कीर्ति-रश्मियाँ
विकीर्ण दिव्य दाह-सी,
सपून मातृभूमि के
रुको न शूर साहसी!
अराति सैन्य-सिंधु में, सुवाड़वाग्नि से जलो,
प्रवीर हो, जयी बनो, बढ़े चलो, बढ़े चलो!

**अथवा**

**समूह – ब**

5) तू रंगा, और मै धुला,
पानी मैं तू बुलबुला,
तूने दुनिया को बिगाडा,
मैने गिरते से उभाडा,
तु ने रोटी छीन ली जनखा बताकर
एक की दो तीन मैने गुन गुनाकर

6) कोई न छायादार पेड़
वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार,
श्याम तन, भर बँधा यौवन,
नत नयन, प्रिय, कर्म-रत मन।
गुरु हथौड़ा हाथ
करती बार-बार प्रहार
सामने तरू-मालिका, अट्टालिका प्रकार।

7) भाव कर्म में जहाँ साम्य हो सतत
जगजीवन में हो विचार जन के स्व
ज्ञान वृद्ध निष्क्रिय न जहाँ मानव मन
मृत आदर्श न बन्धन, सक्रिय जीवन।
रूढि रीतियाँ जहाँ न हो आधारित
श्रेणि वर्ग में मानव नहीं विभाजित।

8) तुम वहन कर सको जन मन में मेरे विचार,
वाणी मेरी, चाहिए क्या तुम्हें अलंकार।
भव-कर्म आज युग की स्थितियों से है पीड़ित
जग का रुपांतर भी जनैक्य पर अवलंबित

**3.** निम्नलिखित लघुत्तरी प्रश्नों में से **किसी भी तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **15**

1) कवि भूषण का परिचय दीजिए।

2) रीतिकाल के नामकरण पर टिप्पण लिखिए।

3) रीतिकाल की प्रवृत्तियों को लिखिए।

**4.** निम्नलिखित लघुत्तरी प्रश्नों में से **किसी भी तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **15**

1) कवि घनानन्दजी का परिचय दीजिए।

2) 'रीतिबद्ध' का आशय स्पष्ट कीजिए और रीतिबद्ध कवियों के नाम लिखिए।

3) "बिहारी रीतिकाल के प्रमुख कवी" पर टिप्पण लिखिए।

4) रीतिमुक्त एवं रीतिबद्ध में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

**5.** निम्नलिखित सभी अतिलघुत्तरी प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है। **10**

1) आचार्य केशवदास के काव्य की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

2) बिहारी की 'सतसई' का परिचय दीजिए।

3) गुलाब और कुकुरमुत्ता किसके प्रतिक है?

4) रीतिबद्ध कवि के तीन रचनाओं के नाम लिखो।

5) पत्थर तोडती हुई स्त्री की शारीरिक दशा को लिखिए।

************